# प्रथम संकलित मूल्यांकन, 2015-2016

**कक्षा-VIII**

**हिंदी**

**समय-2½ घंटे ]** **[पूर्णांक-60**

**निर्देश (i) प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए|**

**(ii) लिखावट एवं स्वच्छता पर ध्यान दीजिए|**

## खंड-क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुन कर दीजिए| 1x5=5**

जानवरों में गधा सबसे बुद्धिहीन समझा जाता है| जब हम किसी आदमी को परले दरजे का बेवकूफ कहना चाहते है, तो उसे गधा कहते है| गधा सचमुच बेवकूफ हैं,या उसके सीधेपन, उसकी निरापद सहिष्णुता ने उसे ये पदवी दे दी है,इसका निश्चय नहीं नही किया जा सकता| गाय सिंग मारती है,ब्याही हुई गाय तो अनायास ही सिंहनी का रूप धारण कर लेती है | कुत्ता भी बहुत गरीब है,लेकिन कभी कभी उसे भी क्रोध आ जाता है, किन्तु गधे को कभी क्रोध करते नहीं देखा न सुना |

(i) हम किसी आदमी को गधा कब कहते है?

(क) जब हम उसे जानवर बताना चाहते है

(ख) जब हम उसे परले दरजे का बेवकूफ बताना चाहते है

(ग) जब हम उसे सीधा बताना चाहते है

(घ) जब हम उसे बुद्धिमान बताना चाहते है|

(ii) गद्यांश में गाय को कैसा बताया गया है?

(क) सीधी (ख) सींग मारने वाली गाय

(ग) गरीब (घ) क्रोधी

(iii) गधे में क्या नहीं देखा जाता?

(क) क्रोध करते हुए (ख) सींग मरते हुए

(ग) गरीबी में (घ) सहिष्णुता

(iv) ‘बेवकूफ’ का विलोम है-

(क) बुद्धिमान (ख) बुद्धिमान

(ग) कमजोर (घ) मजबूत

(v) जानवरों में किसे सबसे बुद्धिमान समझा जाता है?

(क) गाय (ख) कुत्ता

(ग) घोड़ा (घ) गधा

**2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों से चुनकर लिखिए| 1x5=5**

बस,थोड़ी और उल्लास

बस,थोड़ी और धूप

बस,थोड़ा और पानी

बस,थोड़ी और हवा

बस,थोरा भुरभुरापन

क्या देर है भला बहार आने में ?

आज मैं बीज हूँ

काल रहूँगा अंकुर

बटुर-बटुर आएगी दुनिया

मुझे देखने को आतुर

आज मैं बीज हूँ

अलक्षित, न-चीज हूँ

गर्क हू धरती कि जादुई कोख में |

(i) बीज अंकुरित होने के लिए कौन सी चीज आवश्यक नहीं हैं?

(क) हवा (ख) पानी

(ग) धूप (घ) माली

(ii) अंकुरित होने के बाद बीज क्या बनता है?

(क) पेड़ (ख) फल

(ग) पौधा (घ) पत्ता

(iii) लोग़ किसे देखने आते है?

(क) बीज को (ख) अंकुर को

(ग) पौधे को (घ) फल को

(iv) 'क्या देर है भला आने में' पंक्ति का आशय क्या है ?

(क) अंकुर निकलने में बहुत देर है

(ख) अंकुर निकलने में देर नहीं है

(ग) अंकुर निकलने में देर भली है

(घ) अंकुर नहीं निकलेगा

(v) बीज कहा छिपा रहता है?

(क) अंकुर में (ख) हवा में

(ग) धरती कि कोख में (घ) पौधे में

## खंड-ख (व्यवहारिक व्याकरण )

**3. निर्देशानुसार उत्तर दें-**

(क) संज्ञा के कितने भेद हैं? **1**

(ख) 'कक्षा में तीस छात्र है' वाक्य से विशेषण-विशेष्य अलग करें | **1**

(ग) एक अनेकार्थी शब्द से दो अर्थों में वाक्य प्रयोग करें| **1**

(घ) 'इक' प्रत्यय से दो शब्द बनायें| **1**

(ड.) समास विग्रह कर समास का नाम लिखें | **1x2=2**

(i) चरम-परम

(ii) लाभ-हानि

(च) संधि विच्छेद करें | **1x2=2**

(i) पत्राचार

(ii) रविन्द्र

(छ) रेंखांकित अंश में कौन सा कारक है? **1x2=2**

(i) लोग़ <u>धन के लिए</u> भटकते हैं|

(ii) गंगा <u>हिमालय से</u> निकलती है|

## खंड-ग(पाठ्य पुस्तक व् पूरक पुस्तक)

**4. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पुछे गये प्रश्नों के उत्तर दिए गये विकल्पों से चुनकर लिखें -** **1x5=5**

यह सही है कि इन दिनों कुछ ऐसा माहौल बना है कि ईमानदारी से मेहनत करके जीविका चलाने वाले निरीह और भोले भाले श्रमजीवी पिस रहे और झूठ तथा फरेब का रोजगार करने वाले फल फूल रहे है| ईमानदारी को मूर्खता का पर्याय समझा जाने लगा है,सच्चाई केवल भीरु और बेबस लोगों के हिस्से पड़ी है | ऐसे स्थिति में जीवन के महान मूल्यों के बारे में लोगों कि आस्था ही हिलने लगी है |

1. श्रमजीवी कौन होते है?

   (क) जो श्रम करके जीविका चलाते है (ख) जो श्रम को जीते है

   (ग) जो दूसरों पर जीते है (घ) जो जीकर श्रम करते है

2. 'ईमानदारी' क्या है?

   (क) सर्वनाम (ख) क्रिया

(ग) विशेषण (घ) भाववाचक संज्ञा

3. 'लोगों की आस्था हिलना' का क्या अर्थ है?

(क) विश्वास जमना (ख) विश्वास डिगना

(ग) हिलते जाना (घ) आस्थावान बनना

4. 'जीविका में किस प्रत्यय का प्रयोग है?

(क) जीव (ख) बिका

(ग) इका (घ) का

5. यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(क) आस्था (ख) निराशा

(ग) श्रमजीवी (घ) क्या निराश हुआ जाए

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दे|**

**2x5=10**

(क) पत्र-लेखन की कला के विकास के लिए क्या-क्या प्रयास हुए ?

(ख) 'मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए है' पंक्ति का अर्थ लिखिए |

(ग) बस को देख कर लेखक को श्रद्धा क्यों उमड़ पड़ी ?

(घ) लेखक के अनुसार आज के समाज कौन-कौन सी बुराइयां दिखाई देती है ?

(ङ) लेखक ने लेख का शीर्षक 'क्या निराश हुआ जाए' क्यों रखा होगा?

**6. काव्यांश को पढ़ कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

**1x5=5**

पक्षी और बादल

ये भगवान के डाकिये है

जो एक महादेश से

दूसरे महादेश को जाते है

हम तो समझ नहीं पाते है,

मगर उनकी लायी चिट्ठियाँ

पेड़,पौधे पानी और पहाड़

बांचते है|

हम तो केवल यह आंकते है

कि एक देश कि धरती

दूसरे देश को सुगंध भेजती है |

(क) कवि और कविता का नाम लिखिए|

(ख) भगवन के डाकिए किन्हें कहा गया है?

(ग) ये डाकिए कहाँ से कहाँ तक जाते है?

(घ) इन डाकियों की लायी चिट्ठियों को कौन पढता है ?

(ङ) इनकी लाई चिट्ठियों में क्या सन्देश होगा ?

**7. प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

**2x3=6**

(क) दीवाने टिक कर क्यों नहीं बैठते ?

(ख) 'यह सबसे कठिन समय नहीं है' कविता हमें क्या सन्देश देती है ?

(ग) कबीर साधु की जाति पूछने को क्यों मना करते है?

**8.पूरक पुस्तक के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखें -**

**2x2=4**

(क) अंग्रेजी शासन में भारत के किसानों की समस्यांए कौन-कौन सी है ?

(ख) बुद्ध की प्रमुख शिक्षाएँ क्या थी?

**9. दिए गये किसी एक विषय पर निबंध लिखों |** **5**

**(लगभग 150 शब्दों में )**

(क) स्वतंत्रता दिवस (ख) रक्षा बंधन

(ग) प्रदूषण एक समस्या (घ) मेरा प्रिय अध्यापक

**10. कुसंगति की हानियां बताते हुए छोटे भाई/बहन को पत्र लिखिए |** **5**

**अथवा**

**विद्यालय में पीने के पानी की उचित व्यवस्था हेतु प्राचार्य को आवेदन-पत्र लिखिए |**

# <u>संकलित परीक्षा - 1 2015-2016</u>

## <u>अंक प्रारूप</u>

## VIII-हिंदी

| प्रश्न सं. | प्रश्न का विवरण | बहु विकल्पीय | लघु उत्तरीय | दीर्घ उत्तरीय | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अपठित गद्यांश | 1x5=5 | | | 5 |
| 2. | अपठित पद्यांश | 1x5=5 | | | 5 |
| 3. | व्याकरण(संज्ञा,विशेषण,अनेकार्थी प्रत्यय,व्याकरण (समास,संधि,कारक) | | 1x4=4<br>2x3=6 | | 4<br>6 |
| 4. | पठित गद्यांश | 1x5=5 | | | 5 |
| 5. | प्रश्नोत्तर | | 2x5=10 | | 10 |
| 6. | पठित काव्यांश | | 1x5=5 | | 5 |
| 7. | प्रश्नोत्तर | | 2x3=6 | | 6 |
| 8. | मूल्यपरक | | | 2x2=4 | 4 |
| 9. | निबंध | | | 5x1=5 | 5 |
| 10. | पत्र | | | 5x1=5 | 5 |
| | | | **कुल योग** | | **60** |

# संकलित मूल्यांकन -1 2015-2016

## अंक-योजना

## VIII-हिंदी

**उत्तर निर्देशिका** **अधिकतम**

**अंक**

**प्रश्न 1**.(i) (ख)(ii) (ख)(iii) (क ) (iv) (ख ) (v) (घ) 5

**प्रश्न 2** (i) (घ ) (ii) (ग) (iii) (ख) (iv) (ख ) (v) (ग) 5

**प्रश्न 3**. (क) तीन 1

(ख) विशेषण -तीस ,विशेष्य-छात्र 1

(ग) मत-धर्म के बारे में आपका क्या मत है | 1

मत -राम को मत मारो |

(घ) सामाजिक धार्मिक 1

(ड.) (i)चरक और परम- द्वंद् समास

1x2=2

(ii) लाभ और हानि -द्वंद् समास

(च) (i) पत्र+आचार

1x2=2

(ii) रवि+इंद्र

(छ) (i)संप्रदान कारक

1x2=2

(ii)अपादान कारक

**प्रश्न 4.** (i) (क ) (ii) (घ ) (iii) (ख) (iv) (ग) (v) (घ )

1x5=5

**प्रश्न 5**. पाठ पर आधारित सटीक उत्तर पर पूरे अंक दिए जायेंगे |

2x5=10

**प्रश्न 6**.(क) रामधारी सिंह 'दिनकर',भगवन के डाकिए

1x5=5

(ख) पक्षी और बादल

(ग) एक महादेश से दूसरे महादेश तक

(घ) पेड़-पौधे,पानी और पहाड़

(ङ) प्रेम,समानता ,एकता का सन्देश

**प्रश्न 7**. पाठ पर आधारित सटीक उत्तर पर पूरे अंक दिए जायेंगे |

2x3=6

**प्रश्न 8**.पूरक पुस्तक के आधार पर दिए गये उत्तर सटीक माने जायेंगे|

2x2=4

**प्रश्न 9.**विषयवस्तु एवं मौलिकता के आधार पर लिखे विचार पर अंक दिए जाएँ |

5

**प्रश्न 10.**औपचारिक एवं अनौपचारिक प्रारूप के अनुरूप लिखे गये पत्र के आधार पर अंक दिए जाये |

5

# संकलित मूल्यांकन-1 2015-2016

## त्रुटि विश्लेषण

## VIII-हिंदी

**नाम ____________________ खंड _____________ क्रमांक __________**

| **प्रश्न सं.** | **प्रश्न का विवरण** | **पूर्णांक** | **प्राप्तांक** | **अभियुक्ति** |
|---|---|---|---|---|
| **1.** | अपठित गद्यांश (ब.वि.प्र) | 5 | | |
| **2.** | अपठित पद्यांश (ब.वि.प्र) | 5 | | |
| **3..** | व्याकरण | 10 | | |
| **4.** | पठित गद्यांश (ब.वि.प्र) | 5 | | |
| **5.** | गद्य पर आधारित प्रश्न (ल.उ.प्र) | 10 | | |
| **6.** | पठित काव्यांश (ल.उ.प्र) | 5 | | |
| **7.** | पद्य पर आधारित प्रश्न (ल.उ.प्र) | 6 | | |
| **8.** | पूरक पुस्तक पर आधारित प्रश्न | 4 | | |
| **9.** | निबंध | 5 | | |
| **10.** | पत्र | 5 | | |
| | **कुल योग** | **60** | | |

**परीक्षक का हस्ताक्षर**